# भारतीय शिक्षा बोर्ड

## मॉड्यूल प्रश्न पत्र - I$^{st}$ Term

## हिंदी - कक्षा 5

## सत्र: 2025-26

**निर्धारित समय : 1 घंटा** **अधिकतम अंक : 20**

**निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया जाएगा। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल 7 प्रश्न हैं।
- प्रश्न संख्या 1, 5, 6 एवं 7, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 2 एवं 4 में प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 3 में 4 उप प्रश्न हैं, प्रत्येक उप प्रश्न के लिए 1½ अंक निर्धारित किये गये हैं।

---

**प्रश्न 1: सही विकल्प पर ( √ ) का** चिह्न **लगाइए -**

(i) राजा को स्वप्न में किसने दर्शन दिए?

(क) वनदेवी ने ☐ (ख) धनदेवी ने ☐ (ग) कुलदेवी ने ☐

(ii) देवदार का अर्थ होता है -

(क) देवताओं का पेड़ ☐ (ख) लताओं से लिपटा पेड़ ☐ (ग) फूलों का पेड़ ☐

(iii) लेखक का घर कितने दिन बंद रहा? -

(क) चालीस दिन ☐ (ख) पैंतालीस दिन ☐ (ग) पचास दिन ☐

(iv) भारत के हृदय का हार किसे कहा गया है?

(क) दिल को ☐ (ख) गंगाजल को ☐ (ग) सिंधु को ☐

**प्रश्न 2: निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -**

भाल, उर्वर, औषधि, स्तुति, तरकीब, उल्लास

**प्रश्न 3: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

(क) चूहा आपकी दृष्टि में कैसा जीव है?

(ख) देवदार को पवित्र क्यों माना जाता है?

(ग) 'वनदेवी' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

(घ) 'जय जन भारत' कविता के आधार पर भारत के प्राकृतिक सौंदर्य को लिखिए।

**प्रश्न 4: संज्ञा किसे कहते हैं? तथा उसके कितने भेद होते हैं?**

**प्रश्न 5: संधि के आधार पर शब्द बनाइए -**

शिव + आलय = ______________________________

नेत्र + आलय = ______________________________

धर्म +आलय = ______________________________

विद्या + आलय = ______________________________

**प्रश्न 6: अनुस्वार व अनुनासिक का प्रयोग करते हुए दो - दो शब्द लिखिए।**

**प्रश्न 7: निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -**

जीवन, जल्दी, सुगंध, जागना